फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, जैतारण (पाली)

प्रार्थी :– परमादेवी पत्नी खेमचन्द –::बनाम::– अप्रार्थी :– तहसीलदार

किस्म मुकदमा :– राजस्व प्रा.पत्र नम्बर :–292/2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हक हुक्म की तामील में जारी हुए
19.09.25	प्रार्थी उपस्थित। राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर 2025 केम्प रामावासकलां में पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 136 RT Act. के तहत् पेश किया। प्रार्थी का प्रा. पत्र दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी ने निवेदन किया कि मौजा– रामावासखुर्द में स्थित कृषि भूमि जमाबन्दी सं. 2075-78 के खाता सं. 82, 81 ख.नं. 174, 173 में प्रार्थी का नाम परमाई पत्नी खेमचन्द दर्ज है जबकि प्रार्थी के अन्य सभी दस्तावेजात में परमादेवी पत्नी खेमचन्द हैं, प्रार्थी ने अपना अशुद्ध नाम परमाई पत्नी खेमचन्द के स्थान पर परमादेवी पत्नी खेमचन्द शुद्ध किये जाने का निवेदन किया हैं। प्रशासन गांवो के संग अभियान निम्बोल में मजमा–ए–आम में जानकारी प्राप्त की गई। पटवारी हल्का, भू. अ. निरीक्षक व तहसीलदार जैतारण ने जांच कर, प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें मौजा– रामावासखुर्द में स्थित कृषि भूमि खाता सं. 82, 81 ख.नं. 174, 173 में संयुक्त खातेदारी की भूमि आयी हुई हैं। जिसमें प्रार्थी का नाम परमाई पत्नी खेमचन्द दर्ज है जबकि प्रार्थी के अन्य सभी दस्तावेजात में परमादेवी पत्नी खेमचन्द दर्ज हैं, प्रार्थी का नाम परमाई पत्नी खेमचन्द के स्थान पर परमादेवी पत्नी खेमचन्द शुद्ध किये जाने की अभिशंषा की हैं। अतः उपर्युक्त विवेचन के आलोक में प्रार्थी का प्रा. पत्र स्वीकार किया जाता हैं। पटवारी हल्का, भू. अ. निरीक्षक व तहसीलदार जैतारण की अभिशंषा के आधर पर मौजा– रामावासखुर्द में स्थित कृषि भूमि खाता सं. 82, 81 ख.नं. 174, 173 में प्रार्थी के नाम की त्रुटिपूर्ण एवं अशुद्ध प्रविष्टि परमाई पत्नी खेमचन्द को विलोपित करते हुये इसके स्थान पर खातेदार का सही एवं वास्तविक " परमादेवी पत्नी खेमचन्द " दर्ज करते हुये तहसीलदार जैतारण को इसी अनुरुप भू-अभिलेख अद्यतन किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता हैं, अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेगी। आदेशिका की प्रति तहसीलदार, जैतारण को भेजकर पालना मंगवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल दफ्तर/लेख्य भण्डार जमा हो। SDO	